बिहार विधान परिषद्
समापन भाषण
211वां सत्र

माननीय मुख्यमंत्री-सह-सदन नेता,
माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय,
माननीय नेता, विरोधी दल,
माननीय उप सभापति,
माननीय मंत्रीगण,
माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल,
बिहार विधान परिषद् के सभी माननीय सदस्यगण,
प्रिंट एवं इलक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण !

बिहार विधान परिषद् के 211वें सत्र का आज समापन हो रहा है। इस सत्र में कुल 3 बैठकें आयोजित हुईं।

माननीय सदस्यों ने अपने संसदीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए सदन की कार्यवाही में भाग लेकर अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी है। मैं सदन को मर्यादित एवं अनुशासित रूप से चलाने में रचनात्मक सहयोग देने के लिए सभी दल के नेताओं एवं माननीय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इस सत्र में बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2025 पारित किया गया।

मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय, माननीय मंत्रीगण, माननीय उप सभापति, माननीय नेता, विरोधी दल, माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल, विभिन्न दलों के माननीय नेतागण एवं बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण का आभारी हूं कि आप सबने सत्र के दौरान संसदीय दायित्वों के प्रति गहरी निष्ठा का परिचय दिया। मैं प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया के पत्रकार एवं छायाकार बन्धुओं के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने सदन की कार्यवाही को प्रकाशित एवं प्रसारित करते हुए जन सामान्य से हमारे रिश्ते को प्रगाढ़ करने की जिम्मेदारी निभाई है।

अंत में, मैं बिहार विधान परिषद् के सचिव एवं परिषद् सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूं जिनके सहयोग से इस सत्र के दौरान मैं संसदीय दायित्वों का सफलतापूर्वक संचालन करने में समर्थ हो सका हूं।

धन्यवाद ।

अवधेश नारायण सिंह
सभापति

05 दिसंबर, 2025